**Series C5ABD/5** **SET~2**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **30/5/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गणित (मानक)
# MATHEMATICS (STANDARD)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*



https://www.evidyarthi.in/

## *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***38*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***18*** *तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या* ***19*** *एवं* ***20*** *अभिकथन एवं तर्क आधारित* ***1*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***25*** *तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के* ***2*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***31*** *तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के* ***3*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***35*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***5*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***36*** *से* ***38*** *तक प्रकरण अध्ययन आधारित* ***4*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प* ***2*** *अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो* $\pi = \frac{22}{7}$ *लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग* ***वर्जित*** *है ।*

### खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।* *20×1=20*

**1.** यदि $\alpha$ तथा $\beta$ बहुपद $p(x) = kx^2 - 30x + 45k$ के शून्यक हैं तथा $\alpha + \beta = \alpha\beta$ है, तो k का मान है :

(A) $-\frac{2}{3}$ (B) $-\frac{3}{2}$

(C) $\frac{3}{2}$ (D) $\frac{2}{3}$



https://www.evidyarthi.in/

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks questions in each case study.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

*(ix)* *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

*(x)* *Use of calculator is **not** allowed.*

## SECTION A

*This section comprises Multiple Choice Questions (MCQs) of 1 mark each.* $20\times1=20$

**1.** If $\alpha$ and $\beta$ are the zeroes of the polynomial $p(x) = kx^2 - 30x + 45k$ and $\alpha + \beta = \alpha\beta$, then the value of k is :


(A) $-\frac{2}{3}$ (B) $-\frac{3}{2}$

(C) $\frac{3}{2}$ (D) $\frac{2}{3}$



https://www.evidyarthi.in/

**2.** 10 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की एक जीवा, वृत्त के केंद्र पर समकोण अंतरित करती है । तो जीवा की लंबाई (cm में) है :




(A) $5\sqrt{2}$ (B) $10\sqrt{2}$

(C) $\frac{5}{\sqrt{2}}$ (D) 5

**3.** समांतर श्रेढ़ी $\sqrt{7}, \sqrt{28}, \sqrt{63}, \ldots$ का अगला (चौथा) पद है :

(A) $\sqrt{70}$ (B) $\sqrt{84}$

(C) $\sqrt{97}$ (D) $\sqrt{112}$

**4.** यदि दो सह-अभाज्य संख्याओं का गुणनफल 553 है, तो उनका म.स. (HCF) है :

(A) 1 (B) 553

(C) 7 (D) 79

**5.** यदि $x = a \cos \theta$ तथा $y = b \sin \theta$ है, तो $b^2x^2 + a^2y^2$ का मान है :

(A) $a^2b^2$ (B) ab

(C) $a^4b^4$ (D) $a^2 + b^2$

**6.** यदि द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल वास्तविक और समान हैं, तो c का मान है :


(A) $\frac{b}{2a}$ (B) $-\frac{b}{2a}$

(C) $\frac{b^2}{4a}$ (D) $-\frac{b^2}{4a}$



https://www.evidyarthi.in/

**2.** A chord of a circle of radius 10 cm subtends a right angle at its centre. The length of the chord (in cm) is :




(A) $5\sqrt{2}$ (B) $10\sqrt{2}$

(C) $\frac{5}{\sqrt{2}}$ (D) 5

**3.** The next ($4^{th}$) term of the A.P. $\sqrt{7}, \sqrt{28}, \sqrt{63}, ...$ is :

(A) $\sqrt{70}$ (B) $\sqrt{84}$

(C) $\sqrt{97}$ (D) $\sqrt{112}$

**4.** If the product of two co-prime numbers is 553, then their HCF is :

(A) 1 (B) 553

(C) 7 (D) 79

**5.** If $x = a \cos \theta$ and $y = b \sin \theta$, then the value of $b^2x^2 + a^2y^2$ is :

(A) $a^2b^2$ (B) ab

(C) $a^4b^4$ (D) $a^2 + b^2$

**6.** If the quadratic equation $ax^2 + bx + c = 0$ has real and equal roots, then the value of c is :


(A) $\frac{b}{2a}$ (B) $-\frac{b}{2a}$

(C) $\frac{b^2}{4a}$ (D) $-\frac{b^2}{4a}$



https://www.evidyarthi.in/

**7.** दी गई आकृति में, $\Delta$ ABC में, DE || BC है । यदि AD = 2·4 cm, DB = 4 cm तथा AE = 2 cm है, तो AC की लंबाई है :




(A) $\frac{10}{3}$ cm (B) $\frac{3}{10}$ cm

(C) $\frac{16}{3}$ cm (D) 1·2 cm

**8.** 12 cm त्रिज्या वाले वृत्त की एक चाप $10\pi$ cm लंबी है । इस चाप द्वारा वृत्त के केंद्र पर अंतरित कोण है :

(A) 120° (B) 6°

(C) 75° (D) 150°

**9.** यदि $4 \sec \theta - 5 = 0$ है, तो $\cot \theta$ का मान है :

(A) $\frac{3}{4}$ (B) $\frac{4}{5}$

(C) $\frac{5}{3}$ (D) $\frac{4}{3}$

**10.** 21 cm त्रिज्या वाले वृत्त के उस त्रिज्यखण्ड, जो वृत्त के केन्द्र पर 60° का कोण अंतरित करता है, का परिमाप है :


(A) 22 cm (B) 43 cm

(C) 64 cm (D) 462 cm



https://www.evidyarthi.in/

**7.** In the given figure, in $\Delta$ ABC, DE || BC. If AD = 2·4 cm, DB = 4 cm and AE = 2 cm, then the length of AC is :




(A) $\frac{10}{3}$ cm (B) $\frac{3}{10}$ cm

(C) $\frac{16}{3}$ cm (D) 1·2 cm

**8.** The length of an arc of a circle with radius 12 cm is $10\pi$ cm. The angle subtended by the arc at the centre of the circle, is :

(A) 120° (B) 6°

(C) 75° (D) 150°

**9.** If $4 \sec \theta - 5 = 0$, then the value of $\cot \theta$ is :

(A) $\frac{3}{4}$ (B) $\frac{4}{5}$

(C) $\frac{5}{3}$ (D) $\frac{4}{3}$

**10.** The perimeter of the sector of a circle of radius 21 cm which subtends an angle of 60° at the centre of circle, is :


(A) 22 cm (B) 43 cm

(C) 64 cm (D) 462 cm



https://www.evidyarthi.in/

**11.** दी गई आकृति में, RJ तथा RL, वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श-रेखाएँ हैं । यदि $\angle RJL = 42^\circ$ है, तो $\angle JOL$ की माप है :




(A) $42^\circ$ (B) $84^\circ$
(C) $96^\circ$ (D) $138^\circ$

**12.** यदि 2520 का अभाज्य गुणनखण्डन $2^3 \times 3^a \times b \times 7$ है, तो $a + 2b$ का मान है :

(A) 12 (B) 10
(C) 9 (D) 7

**13.** समीकरण निकाय $3x + 4y = 5$ तथा $6x + 8y = 7$ द्वारा निम्नलिखित में से किस प्रकार की सरल रेखाएँ निरूपित हो रही हैं ?

(A) समांतर
(B) प्रतिच्छेदी
(C) संपाती
(D) एक-दूसरे के लंबवत्

**14.** एक थैला, जिसमें 1 से 40 तक अंकित टिकटें हैं, में से यादृच्छया एक टिकट निकाली जाती है । निकाली गई टिकट की अंकित संख्या के 7 का गुणज होने की प्रायिकता है :

(A) $\frac{1}{7}$ (B) $\frac{1}{8}$
(C) $\frac{1}{5}$ (D) $\frac{7}{40}$


**15.** तीन संख्याओं 28, 44, 132 का ल.स. (LCM) है :

(A) 258 (B) 231
(C) 462 (D) 924



https://www.evidyarthi.in/

**11.** In the given figure, RJ and RL are two tangents to the circle. If $\angle RJL = 42^\circ$, then the measure of $\angle JOL$ is :




(A) $42^\circ$ (B) $84^\circ$

(C) $96^\circ$ (D) $138^\circ$

**12.** If the prime factorisation of 2520 is $2^3 \times 3^a \times b \times 7$, then the value of $a + 2b$ is :

(A) 12 (B) 10

(C) 9 (D) 7

**13.** Which out of the following type of straight lines will be represented by the system of equations $3x + 4y = 5$ and $6x + 8y = 7$ ?

(A) Parallel

(B) Intersecting

(C) Coincident

(D) Perpendicular to each other

**14.** One ticket is drawn at random from a bag containing tickets numbered 1 to 40. The probability that the selected ticket has a number which is a multiple of 7 is :

(A) $\frac{1}{7}$ (B) $\frac{1}{8}$

(C) $\frac{1}{5}$ (D) $\frac{7}{40}$

**15.** The LCM of three numbers 28, 44, 132 is :

(A) 258 (B) 231

(C) 462 (D) 924



https://www.evidyarthi.in/

**16.** समांतर श्रेढ़ी 3, 6, 9, 12, ..., 111 के पदों की संख्या है :

(A) 36 (B) 40

(C) 37 (D) 30

**17.** एक खम्भे की लंबाई तथा इसकी भूमि पर पड़ रही छाया की लंबाई में अनुपात $1 : \sqrt{3}$ है । तो सूर्य का उन्नतांश है :

(A) 90° (B) 60°

(C) 45° (D) 30°

**18.** यदि कुछ आँकड़ों के माध्य तथा बहुलक क्रमशः 24 तथा 12 हैं, तो इनका माध्यक है :

(A) 25 (B) 18

(C) 20 (D) 22

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

**19.** *अभिकथन (A) :* ABCD एक समलंब है जिसमें DC || AB है । E तथा F क्रमशः AD तथा BC पर ऐसे बिंदु हैं कि EF || AB है । तो $\frac{AE}{ED} = \frac{BF}{FC}$ ।

*तर्क (R) :* किसी समलंब की समांतर भुजाओं के समांतर कोई रेखा असमांतर भुजाओं को समानुपात में बाँटती है ।

**20.** *अभिकथन (A) :* शून्य बहुपद की घात परिभाषित नहीं है ।

*तर्क (R) :* एक शून्येतर अचर बहुपद की घात 0 होती है ।



https://www.evidyarthi.in/

**16.** The number of terms in the A.P. 3, 6, 9, 12, ..., 111 is :

(A) 36 (B) 40

(C) 37 (D) 30

**17.** The ratio of the length of a pole and its shadow on the ground is $1 : \sqrt{3}$. The angle of elevation of the Sun is :

(A) 90° (B) 60°

(C) 45° (D) 30°

**18.** If the mean and mode of a data are 24 and 12 respectively, then its median is :

(A) 25 (B) 18

(C) 20 (D) 22

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* ABCD is a trapezium with DC || AB. E and F are points on AD and BC respectively, such that EF || AB. Then $\frac{AE}{ED} = \frac{BF}{FC}$.

*Reason (R) :* Any line parallel to parallel sides of a trapezium divides the non-parallel sides proportionally.

**20.** *Assertion (A) :* Degree of a zero polynomial is not defined.

*Reason (R):* Degree of a non-zero constant polynomial is 0.



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड ख

*इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं ।* $5 \times 2 = 10$

**21.** यदि द्विघात बहुपद $p(x) = x^2 - 5x + 4$ के शून्यक $\alpha$ तथा $\beta$ हैं, तो $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta} - 2\alpha\beta$ का मान ज्ञात कीजिए ।

**22.** (a) वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिसमें बिंदु $P(-4, 6)$, बिंदुओं $A(-6, 10)$ तथा $B(3, -8)$ को मिलाने वाले रेखाखण्ड को विभाजित करता है ।

**अथवा**

(b) सिद्ध कीजिए कि बिंदु $(3, 0)$, $(6, 4)$ तथा $(-1, 3)$ एक समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्ष हैं ।

**23.** मान ज्ञात कीजिए :

$$\frac{2 \tan 30^\circ \,.\, \sec 60^\circ \,.\, \tan 45^\circ}{1 - \sin^2 60^\circ}$$

**24.** एक डिब्बे में 60 कमीजें हैं, जिनमें 48 अच्छी कमीजें हैं, जबकि 8 में प्रमुख दोष हैं तथा 4 में छोटे दोष हैं । निगम, एक व्यापारी, केवल अच्छी कमीजें ही स्वीकार करता है, जबकि एक दूसरा व्यापारी अनमोल, केवल उन्हीं कमीजों को अस्वीकार करता है जिनमें प्रमुख दोष हों । डिब्बे में से यादृच्छया एक कमीज निकाली गई । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि निकाली गई कमीज अनमोल को स्वीकार है ।

**25.** (a) यदि 3 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श-रेखाएँ परस्पर $60^\circ$ के कोण पर झुकी हैं, तो प्रत्येक स्पर्श-रेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) सिद्ध कीजिए कि वृत्त के किसी व्यास के सिरों पर खींची गई स्पर्श-रेखाएँ परस्पर समांतर होती हैं ।



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION B

*This section comprises Very Short Answer (VSA) type questions of 2 marks each.* *5×2=10*

**21.** If $\alpha$ and $\beta$ are zeroes of the quadratic polynomial $p(x) = x^2 - 5x + 4$, then find the value of $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta} - 2\alpha\beta$.

**22.** (a) Find the ratio in which the point P(– 4, 6) divides the line segment joining the points A(– 6, 10) and B(3, – 8).

**OR**

(b) Prove that the points (3, 0), (6, 4) and (– 1, 3) are the vertices of an isosceles triangle.

**23.** Evaluate :

$$\frac{2 \tan 30^\circ \cdot \sec 60^\circ \cdot \tan 45^\circ}{1 - \sin^2 60^\circ}$$

**24.** A carton consists of 60 shirts of which 48 are good, 8 have major defects and 4 have minor defects. Nigam, a trader, will accept the shirts which are good but Anmol, another trader, will only reject the shirts which have major defects. One shirt is drawn at random from the carton. Find the probability that it is acceptable to Anmol.

**25.** (a) If two tangents inclined at an angle of 60° are drawn to a circle of radius 3 cm, then find the length of each tangent.

**OR**

(b) Prove that the tangents drawn at the ends of a diameter of a circle are parallel.



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड ग

*इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं ।* *6×3=18*

**26.** 10 cm त्रिज्या वाले वृत्त की एक चाप वृत्त के केंद्र पर समकोण बनाती है । तो संगत दीर्घ त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । ($\pi = 3{\cdot}14$ प्रयोग कीजिए)

**27.** सिद्ध कीजिए कि एक वृत्त के परिगत समांतर चतुर्भुज एक समचतुर्भुज होता है ।

**28.** (a) सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है ।

**अथवा**

(b) सिद्ध कीजिए कि $\left(\sqrt{2} + \sqrt{3}\right)^2$ एक अपरिमेय संख्या है, दिया गया है कि $\sqrt{6}$ एक अपरिमेय संख्या है ।

**29.** (a) यदि एक समांतर श्रेढ़ी के पहले 14 पदों का योगफल 1050 है तथा इसका प्रथम पद 10 है, तो इस समांतर श्रेढ़ी का 20वाँ पद तथा nवाँ पद ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) एक समांतर श्रेढ़ी का प्रथम पद 5, अंतिम पद 45 तथा सभी पदों का योगफल 400 है । इस समांतर श्रेढ़ी के पदों की संख्या तथा सार्व अंतर ज्ञात कीजिए ।

**30.** सिद्ध कीजिए कि :

$$\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta} + \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta} = 2\ \text{cosec}\ \theta$$

**31.** एक जार में 54 कंचे हैं जिनमें से प्रत्येक नीला, हरा या सफेद है । जार में से यादृच्छया एक नीला कंचा निकालने की प्रायिकता $\frac{1}{3}$ है तथा यादृच्छया एक हरा कंचा निकालने की प्रायिकता $\frac{4}{9}$ है । इस जार में कितने सफेद कंचे हैं ?



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION C

*This section comprises Short Answer (SA) type questions of 3 marks each.* $6 \times 3 = 18$

**26.** An arc of a circle of radius 10 cm subtends a right angle at the centre of the circle. Find the area of the corresponding major sector. (Use $\pi = 3 \cdot 14$)

**27.** Prove that the parallelogram circumscribing a circle is a rhombus.

**28.** (a) Prove that $\sqrt{3}$ is an irrational number.

**OR**

(b) Prove that $\left(\sqrt{2} + \sqrt{3}\right)^2$ is an irrational number, given that $\sqrt{6}$ is an irrational number.

**29.** (a) If the sum of the first 14 terms of an A.P. is 1050 and the first term is 10, then find the $20^{th}$ term and the $n^{th}$ term.

**OR**

(b) The first term of an A.P. is 5, the last term is 45 and the sum of all the terms is 400. Find the number of terms and the common difference of the A.P.

**30.** Prove that :

$$\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta} + \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta} = 2\ \text{cosec}\ \theta$$

**31.** A jar contains 54 marbles, each of which is blue, green or white. The probability of selecting a blue marble at random from the jar is $\frac{1}{3}$, and the probability of selecting a green marble at random is $\frac{4}{9}$. How many white marbles does this jar contain ?




https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड घ

*इस खण्ड में दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं ।* *$4 \times 5 = 20$*

**32.** एक नदी के पुल के एक बिंदु से, नदी के सम्मुख किनारों के अवनमन कोण क्रमशः $30^\circ$ और $60^\circ$ हैं । यदि पुल, किनारों से 4 m की ऊँचाई पर हो, तो नदी की चौड़ाई ज्ञात कीजिए ।

**33.** (a) दी गई आकृति में, $\Delta$ FEC $\cong \Delta$ GDB तथा $\angle 1 = \angle 2$ है । सिद्ध कीजिए कि $\Delta$ ADE $\sim \Delta$ ABC.




**अथवा**

(b) एक $\Delta$ ABC की भुजाएँ AB और AC तथा माध्यिका AD क्रमशः एक अन्य त्रिभुज $\Delta$ PQR की भुजाओं PQ और PR तथा माध्यिका PM के समानुपाती हैं । दर्शाइए कि $\Delta$ ABC $\sim \Delta$ PQR.

**34.** एक तंबू एक बेलन के आकार का है, जिस पर एक शंकु अध्यारोपित है । यदि बेलनाकार भाग की ऊँचाई और व्यास क्रमशः 3·5 m तथा 6 m हैं और शंकु की तिर्यक ऊँचाई 4·2 m है, तो इस तंबू को बनाने में प्रयुक्त कैनवस का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । ₹ 500 प्रति वर्ग मीटर की दर से तंबू के कैनवस का मूल्य भी ज्ञात कीजिए ।

**35.** (a) 2-अंकों की एक संख्या के अंकों का गुणनफल 14 है । जब इस संख्या में 45 जोड़ दिया जाए, तो अंकों के स्थान पलट जाते हैं । संख्या ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) एक वर्ग की भुजा दूसरे वर्ग की भुजा से 4 cm अधिक है तथा दोनों वर्गों के क्षेत्रफलों का योगफल 400 $cm^2$ है । वर्गों की भुजाएँ ज्ञात कीजिए ।




https://www.evidyarthi.in/

## SECTION D

*This section comprises Long Answer (LA) type questions of 5 marks each.* *4×5=20*

**32.** From a point on a bridge across the river, the angles of depressions of the banks on opposite sides of the river are 30° and 60° respectively. If the bridge is at a height of 4 m from the banks, find the width of the river.

**33.** (a) In the given figure, Δ FEC ≅ Δ GDB and ∠ 1 = ∠ 2.
Prove that Δ ADE ~ Δ ABC.




**OR**

(b) Sides AB and AC and median AD of a Δ ABC are respectively proportional to sides PQ and PR and median PM of another Δ PQR. Show that Δ ABC ~ Δ PQR.

**34.** A tent is in the shape of a cylinder, surmounted by a conical top. If the height and diameter of the cylindrical part are 3·5 m and 6 m, and slant height of the top is 4·2 m, find the area of canvas used for making the tent. Also, find the cost of canvas of the tent at the rate of ₹ 500 per $m^2$.

**35.** (a) A 2-digit number is such that the product of the digits is 14. When 45 is added to the number, the digits are reversed. Find the number.

**OR**

(b) The side of a square exceeds the side of another square by 4 cm and the sum of the areas of the two squares is 400 $cm^2$. Find the sides of the squares.




https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।* *3×4=12*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** दौड़ने या साइकिल चलाने जैसी गतिविधियाँ तनाव और अवसाद जैसे मानसिक विकार के जोखिम को कम करती हैं । दौड़ने से सहनशक्ति बढ़ाने में मदद मिलती है । बच्चों की हड्डियाँ और मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं और उनका वजन बढ़ने की संभावना कम होती है । एक स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक ने अपने स्कूल परिसर में एक इंटर-स्कूल रनिंग प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया । छात्रों के समूह द्वारा 100 m की दौड़ में लिया गया समय नोट किया गया, जो निम्न प्रकार है :




| समय (सेकण्ड में) | 0 – 20 | 20 – 40 | 40 – 60 | 60 – 80 | 80 – 100 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 8 | 10 | 13 | 6 | 3 |

उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) ऊपर दिए गए आँकड़ों का माध्यक वर्ग क्या है ? *1*




https://www.evidyarthi.in/

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.* *3×4=12*

### Case Study – 1

**36.** Activities like running or cycling reduce stress and the risk of mental disorders like depression. Running helps build endurance. Children develop stronger bones and muscles and are less prone to gain weight. The physical education teacher of a school has decided to conduct an inter school running tournament in his school premises. The time taken by a group of students to run 100 m, was noted as follows :




| Time (in seconds) | 0 – 20 | 20 – 40 | 40 – 60 | 60 – 80 | 80 – 100 |
|---|---|---|---|---|---|
| Number of students | 8 | 10 | 13 | 6 | 3 |

Based on the above, answer the following questions :

(i) What is the median class of the above given data ? *1*



https://www.evidyarthi.in/

(ii) (a) दौड़ पूरी करने में छात्रों द्वारा लिया गया माध्य समय ज्ञात कीजिए । 2

**अथवा**

(b) ऊपर दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए । 2

(iii) कितने छात्रों ने 60 सेकण्ड से कम समय लिया ? 1

**प्रकरण अध्ययन – 2**

**37.** एस्सेल वर्ल्ड भारत के सबसे बड़े मनोरंजन पार्कों में से एक है जो सभी उम्र के आगंतुकों के लिए रोमांचक सवारी, जल आकर्षण और मनोरंजन विकल्पों की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है । यह पार्क अपने प्रतिष्ठित "वॉटर किंगडम" के लिए जाना जाता है, जो इसे पारिवारिक सैर और मनोरंजन के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बनाता है । पार्क का टिकट शुल्क ₹ 150 प्रति बच्चा तथा ₹ 250 प्रति वयस्क है ।



एक दिन, पार्क के खजांची ने यह पाया कि 300 टिकट बिकी हैं तथा ₹ 55,000 एकत्र हुए हैं ।

उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यदि उस दिन आए बच्चों की संख्या $x$ तथा वयस्कों की संख्या $y$ है, तो दी गई स्थिति को बीजगणितीय रूप में लिखिए । 1

(ii) (a) इस मनोरंजन पार्क में उस दिन कितने बच्चे आए ? 2

**अथवा**

(b) इस मनोरंजन पार्क में उस दिन कितने वयस्क आए ? 2

(iii) मनोरंजन पार्क में यदि 250 बच्चे तथा 100 वयस्क आए, तो कितनी राशि एकत्र होगी ? 1



https://www.evidyarthi.in/

(ii) (a) Find the mean time taken by the students to finish the race. *2*

**OR**

(b) Find the mode of the above given data. *2*

(iii) How many students took time less than 60 seconds ? *1*

**Case Study – 2**

**37.** Essel World is one of India's largest amusement parks that offers a diverse range of thrilling rides, water attractions and entertainment options for visitors of all ages. The park is known for its iconic "Water Kingdom" section, making it a popular destination for family outings and fun-filled adventure. The ticket charges for the park are ₹ 150 per child and ₹ 250 per adult.



On a day, the cashier of the park found that 300 tickets were sold and an amount of ₹ 55,000 was collected.

Based on the above, answer the following questions :

(i) If the number of children visited be x and the number of adults visited be y, then write the given situation algebraically. *1*

(ii) (a) How many children visited the amusement park that day ? *2*

**OR**

(b) How many adults visited the amusement park that day ? *2*


(iii) How much amount will be collected if 250 children and 100 adults visit the amusement park ? *1*



https://www.evidyarthi.in/

## प्रकरण अध्ययन – 3

**38.** एक बगीचा एक वर्ग के आकार का है । माली ने बगीचे की सीमा पर एक-दूसरे से 1 m की दूरी पर अशोक के पेड़ के पौधे उगाए । वह बगीचे को गुलाब के पौधों से सजाना चाहता है । उसने गुलाब के पौधे उगाने के लिए बगीचे के अन्दर एक त्रिभुजाकार क्षेत्र चुना । उपर्युक्त स्थिति में, माली ने कक्षा 10 के छात्रों की मदद ली जिन्होंने निम्न प्रकार का चार्ट बनाया ।




उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) A को मूल-बिंदु लेकर, $\Delta$ PQR के शीर्षों के निर्देशांक क्या हैं ? *1*

(ii) (a) दूरियाँ PQ तथा QR ज्ञात कीजिए । *2*

**अथवा**

(b) बिंदुओं P तथा R को मिलाने वाले रेखाखण्ड को 2 : 1 के अन्त: विभाजन करने वाले बिंदु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए । *2*


(iii) ज्ञात कीजिए कि क्या $\Delta$ PQR एक समद्विबाहु त्रिभुज है । *1*



https://www.evidyarthi.in/

## Case Study – 3

**38.** A garden is in the shape of a square. The gardener grew saplings of Ashoka tree on the boundary of the garden at the distance of 1 m from each other. He wants to decorate the garden with rose plants. He chose a triangular region inside the garden to grow rose plants. In the above situation, the gardener took help from the students of class 10. They made a chart for it which looks like the given figure.




Based on the above, answer the following questions :

(i) If A is taken as origin, what are the coordinates of the vertices of $\Delta$ PQR ? *1*

(ii) (a) Find distances PQ and QR. *2*

**OR**

(b) Find the coordinates of the point which divides the line segment joining points P and R in the ratio 2 : 1 internally. *2*

(iii) Find out if $\Delta$ PQR is an isosceles triangle. *1*



https://www.evidyarthi.in/